Add: Attachment 21



# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम** – एस0सी0पी0 के अर्न्तगत सतौली कफूड़ा मोटर मार्ग का निमार्ण (लम्बाई 6.00 किमी0)।

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत सतौली कफूड़ा मोटर मार्ग का निर्माण लम्बाई 6.00 कि0मी0 की स्वीकृति शा0 सं0 827/।।।–2/06–07 (प्रा0आ0)/05 टी0सी0 (एस0सी0पी0) दिनांक 28–03–2006 के तहत हुई, जिसके अनुसार मोटर मार्ग के स्वीकृत समरेखण के अर्न्तगत पड़ने वाली वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण कराकर वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव नियमानुसार गठन किया जा रहा है।

यह क्षेत्र एक फल, सब्जी एवं दुग्ध उत्पादक क्षेत्र है। मोटर मार्ग काफी दूर होने से स्थानीय कास्तकारों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। शासन से बार–बार मोटर मार्ग की मांग करने के फलस्वरूप उक्त शासनादेशानुसार मोटर मार्ग की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से ग्राम– सतखोल, सतौली, सोनापानी, कफूड़ा, चापड़ आदि ग्राम लाभान्वित होंगे।

यह मोटर मार्ग शीतला प्यूड़ा मोटर मार्ग के कि0मी0 ...5.00 के मध्य से सतखोल नामक ग्राम से ग्राम चापड़ तक 6.00 किमी0 लम्बाई में निर्मित किया जाना है।

उक्त 6.00 कि0 मी0 लम्बे 7.00 मी0 चौड़े भू–भाग के अर्न्तगत विभिन्न प्रजाति के कुल 511 वृक्ष प्रभावित होते है। जिनकी नियमानुसार गणना कर प्रस्ताव के साथ गणना सूची व उसका मूल्यांकन प्रपत्र आदि संलग्न कर दिये गये है। मार्ग के अर्न्तगत आरक्षित वन भूमि शून्य है0 वनपंचायत सतखोल 0.198 है0 वनपंचायत सतौली 0.1125 है0 तथा सिविल सोयम भूमि ग्राम सतखोल 0.495 है0 ग्राम सतौली 1.611 है0 ग्राम कफूड़ा 0.5625 है0 व ग्राम चापड़ 0.009 है0 कुल 2.6775 है0 तथा उपरोक्त गांवों की कुल नाप भूमि 2.412 है0 प्रभावित होती है। कुल 2.988 है0 वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव नियमानुसार गठित कर निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0 नैनीताल के नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जा रहे है।

प्रमाणित किया जाता है कि वन भूमि हस्तान्रण हेतु वन विभाग द्वारा निर्धारित आवश्यक नियमों एवं शर्तों का निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0 नैनीताल द्वारा पालन किया जायेगा तथा प्रस्तावित वन भूमि विभाग के नाम हस्तान्तरित कर दिये जाने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

अमीन

कनिष्ठ अभियन्ता

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0विभाग
नैनीताल.

सहायक अभियन्ता

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0,लो0नि0वि0
नैनीताल